प्रेषिका,
श्रीमती शैला,
अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, गौतमबुद्धनगर।

सेवा में,
श्रीमान महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।

द्वारा: श्रीमान प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, गौतमबुद्धनगर।

विषय:–P.H.D., Jamia Hamdard Univrsity (Federal studies) में दिनांक 15.12.2021 को Entrance Exam में उपस्थित होने की अनुमति के संदर्भ में।

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि मेरे द्वारा दिनांक 01.07.2021 को कई विश्वविद्यालयों में पी0एच0डी0 प्रवेश परीक्षा में उपस्थित होने हेतु माननीय महोदय से अनुमति चाही गई थी, जिसमें माननीय महोदय द्वारा आपत्ति अंकित करते हुए मुझसे कुछ तथ्यों की बावत आख्या चाही गई है।

महोदय, जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी (Federal studies) में पी0एच0डी0 कोर्स हेतु प्रवेश परीक्षा दिनांक– 15.12.2021 को होना तय हुआ है इसके पूर्व प्रार्थिया माननीय महोदय से अनुमति की प्रत्याशा में गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी की प्रवेश परीक्षा में दिनांक–01.07.2021 को उपस्थित हुई थी जिसकी मुख्य परीक्षा में मेरा चयन हुआ था परन्तु Net/J.R.F. Qualified न होने के कारण उक्त प्रवेश परीक्षा में मेरा चयन नहीं हो पाया है।

महोदय मुझे यह अवगत कराना है कि जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी (Federal studies) से पी0एच0डी0 कोर्स करने हेतु मुझे study Leave की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वहां पी0एच0डी0 कोर्स पार्ट टाईम करने हेतु सुविधा उपलब्ध है उक्त कोर्स को करने में लगभग 4–5 वर्ष का समय लगेगा।

महोदय, मैं P.H.D. Human Rights या Cyber Law में करना चाहती हूँ जिसका टॉपिक प्रवेश परीक्षा में चयनित होने के पश्चात तय करके मैं माननीय महोदय को सूचित करूंगी तथा प्रवेश परीक्षा में चयनित होने के पश्चात सुपरवाईजर नियुक्त होते हैं। महोदय मेरे पी0एच0डी0 करने से मेरे ज्ञान में वृद्धि होगी जिसका उपयोग न्यायिक सेवा के लिए अत्यधिक लाभदायक होगा।

अतः माननीय महोदय से निवेदन है कि मुझे दिनांक 15.12.2021 को जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी (Federal studies) में पी.एच.डी. प्रवेश परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

सादर प्रेषित।

भवदीया,
Shaila
(श्रीमती शैला)
अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय,
गौतमबुद्धनगर।

दिनांक: 13.12.2021

Endorsment No. 270/XV Dt. 13.12.21.
Forwarded to श्रीमान महानिबन्धक
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद

Principal Judge,
Family Court.
Gautam Budh N
13/12/21.

13/12/2021 13:52